गिरवी रखी संपत्ति को नीलामी में सस्ते दामों पर दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से 2.24 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। एमपी नगर पुलिस ने जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण में फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों और उनके एजेंटों पर आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार रिवेरा टाउन निवासी कारोबारी मनेंद्र प्रताप सिंह (45) शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया कि पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फायनेंस कंपनी की गिरवी रखी संपत्ति को नीलामी के जरिए बेचने की जानकारी कंपनी से जुड़े एजेंटों के माध्यम से उन्हें दी गई थी। उन्हें बताया गया कि बिड प्रक्रिया के जरिए संपत्ति हासिल की जा सकती है। प्रॉपर्टी सस्ते दाम में मिलने की उम्मीद में मनेंद्र ने कंपनी की ओर से बताए गए खातों में करीब 2.24 करोड़ रुपए जमा करा दिए। आरोप है कि रकम जमा कराने के बाद फरियादी को न तो संबंधित प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराई गई और न ही उसकी जमा रकम वापस की गई। लंबे समय तक इंतजार और संपर्क के बावजूद समाधान नहीं होने पर मनेंद्र ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आवेदन की जांच के दौरान रकम जमा होने, कंपनी से जुड़े लोगों की भूमिका और प्रॉपर्टी की नीलामी से संबंधित तथ्यों की पड़ताल की। जांच के बाद पुलिस ने कंपनी के अधिकारी विश्वेश चंदेल, सुनील वैश्य और अभय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने फिलहाल मामले में किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। अधिकारियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस 2.24 करोड़ रुपए के लेनदेन, नीलामी प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज और कंपनी के खातों की भी जांच कर रही है।

आरोपियों ने प्रस्तुत किए फर्जी बिल

होटल बनाने के नाम पर यूपी के कंपनी संचालकों ने डकारे 1.46 करोड़ रुपए

गोविंदपुरा पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का प्रकरण

भोपाल। होटल निर्माण के नाम पर साझेदारों से करीब 1.46 करोड़ रुपये लेने और फर्जी बिल प्रस्तुत कर रकम डकार जाने के आरोप में उत्तरप्रदेश के द शुभम होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक शुभम यादव और डायरेक्टर गरिमा यादव व अर्चित सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रचना नगर निवासी मनोज नागर, जाटखेड़ी निवासी तरुण प्रताप सिंह बघेल और उनके साझेदारों का शक्ति नगर, शाहपुरा में भवन का स्ट्रक्चर बना हुआ था। सितंबर 2024 में द शुभम होटल्स से भवन को होटल में विकसित करने का अनुबंध हुआ था। होटल निर्माण की कुल लागत करीब 3.75 करोड़ रुपये तय हुई थी और दोनों पक्षों को 50-50 प्रतिशत खर्च वहन करना था। निर्माण पूरा करने की समयसीमा अगस्त 2025 तय की गई थी। शिकायत में बताया कि होटल कंपनी ने फर्नीचर, लिफ्ट, फाल्स सीलिंग, फायर फाइटिंग, इलेक्ट्रिकल और सिविल वर्क के नाम पर कुल 1.96 करोड़ रुपये के बिल प्रस्तुत किए। इनमें से साझेदारों ने करीब 1.46 करोड़ रुपये ऑनलाइन भुगतान किए। बाद में काम बंद कर शुभम यादव के चले जाने पर मौके का निरीक्षण किया गया तो कई काम हुए ही नहीं मिले। शिकायतकर्ताओं के अनुसार 89 लाख रुपये के फर्नीचर का बिल दिया गया, लेकिन फर्नीचर नहीं मिला। 15.16 लाख की लिफ्ट, 16.78 लाख की फाल्स सीलिंग और फायर सिस्टम के काम भी अधूरे मिले। इलेक्ट्रिकल और सिविल कार्य में भी बिल की तुलना में काफी कम काम होने का आरोप है। स्ट्रक्चरल इंजीनियर के मूल्यांकन और बैंक स्टेटमेंट समेत दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सनकी आशिक ने युवती के घर पर फेंका पेट्रोल बम

भोपाल। टीटीनगर इलाके में एकतरफा प्यार में युवक ने युवती के घर पेट्रोल बम फेंककर आग लगा दी। इससे पहले उसने युवती के मंगेतर को जान से मारने की धमकी दी और उसकी मोपेड में पत्थर मारकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने आरोपित अरबाज उर्फ भैयू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है, लेकिन घटना के बाद से वह फरार है। जानकारी के अनुसार बाणगंगा बस्ती निवासी 24 वर्षीय युवती के पिता का निधन हो चुका है। उसका पालन-पोषण भाई ने किया है। कुछ समय पहले ही युवती का रिश्ता तय हुआ है। इसकी जानकारी अरबाज को हुई तो वह युवती का पीछा कर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। युवती ने उसके प्रस्ताव को पहले ही ठुकरा चुकी थी। सोमवार सुबह अरबाज युवती को धमकाने उसके घर पहुंचा। युवती ने डायल-112 पर सूचना दी तो वह वहां से चला गया, लेकिन बाद में फोन कर धमकाता रहा। शाम करीब पांच बजे युवती भाभी के साथ घर के बाहर खड़ी थी, तभी अरबाज फिर पहुंचा। उसने युवती की मोपेड पर पत्थर बरसाकर तोड़फोड़ की इसके बाद घर के अंदर पेट्रोल बम फेंक दिया। पेट्रोल बम किचन में गिरने से आग लग गई। फ्रिज समेत हजारों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

रातीबड़ इलाके के गोरेगांव में हुई थी वारदात

कारोबारी के घर पर फायरिंग करने वाला पकड़ाया, 5 दिन की रिमांड पर

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

रातीबड़ थानाक्षेत्र के गोरागांव में कारोबारी के घर पर 11 राउंड फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी को लेकर पुलिस बुधवार को भोपाल पहुंची। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बड़े तालाब के फुल टैंक लेवल (में अवैध प्लॉटिंग की शिकायत करने वाले रियल एस्टेट कारोबारी संतोष सिंह तोमर के गौरा गांव स्थित घर पर गत 10 सितंबर की रात ढाई बजे फायरिंग की गई थी। सफेद रंग की फॉर्च्यूनर से आए बदमाशों ने तोमर के घर पर 10 राउंड फायर किए थे। फायरिंग से परिजनों में दहशत फैल गई थी। तोमर ने दीवार की आड़ लेकर खुद को बचाया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। रातीबड़ पुलिस की टीम ने वारदात के मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी नीतेश ठाकुर को बुधवार सुबह भोपाल लेकर आई। पुलिस के मुताबिक, नीतेश वारदात के बाद थाईलैंड भागने की तैयारी में था। विदेश जाने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में अजीत और सौरभ चौहान की तलाश की जा रही है। पुलिस ने नीतेश की दो गाडियां जब्त की हैं। इनमें एक ग्वालियर और दूसरी स्कॉर्पियो भोपाल से बरामद हुई है। पुलिस जांच कर रही है कि इनमें से किसी वाहन का इस्तेमाल फायरिंग में हुआ था या नहीं। पुलिस आरोपी से फायरिंग की साजिश और कारोबारी को धमकी देने में शामिल अन्य लोगों की भूमिका को लेकर पूछताछ कर रही है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और दूसरी जानकारी के आधार पर पुलिस वारदात की कड़ियां जोड़ रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि फायरिंग से पहले तोमर को धमकी भरे कॉल आए थे। कॉल करने वाले ने खुद को सौरव बताया था। पुलिस इन कॉल्स, आरोपियों की बातचीत और फायरिंग के पीछे की वजह को जोडकर जांच कर रही है। शुरुआती जांच में विवाद की कड़ी अवैध प्लॉटिंग की शिकायत से जुड़ी सामने आई है।

बजरिया थाना प्रभारी के बाद अब कोतवाली टीआई पर गिरी निलंबन की गाज

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

राजधानी में जुआरियों को संरक्षण के मामले में आला अधिकारियों द्वारा सख्ती की जा रही है। बजरिया थाना प्रभारी शिल्पा कौरव के बाद अब कोतवाली थाना प्रभारी प्रभात गौड़ को भी निलंबित कर दिया गया। उनके साथ बीट प्रभारी एएसआई राकेश गुर्जर और माइक्रो बीट प्रभारी आरक्षक नरेंद्र रावत पर भी कार्रवाई की गई है। तीनों को लाइन अटैच करने के साथ निलंबित किया गया है। कार्रवाई चौक बाजार में जुए के अड्डे पर एसीपी कोतवाली संतोष पटेल की टीम द्वारा की गई दबिश के बाद हुई। मिली जानकारी के अनुसार एसीपी कोतवाली संतोष पटेल ने अपनी टीम के साथ चौक बाजार क्षेत्र में जुए के अड्डे पर छापा मारा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दर्जनभर से अधिक जुआरियों को पकड़ा था। मौके से करीब सवा दो लाख रुपए भी जब्त किए गए थे। कार्रवाई के बाद पुलिस अधिकारियों ने जुए के अड्डे के संचालन और स्थानीय पुलिस की भूमिका की जानकारी जुटाई। जांच में सामने आया कि क्षेत्र में जुआ चलने की जानकारी होने के बावजूद उसे रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। जुआ बंद कराने को लेकर आला अधिकारियों की ओर से पहले भी निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद थाना स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने की बात सामने आई।

आम सूचना

संस्था के समस्त सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 27.09.2026 दिन रविवार, समय प्रातः 11.00 बजे स्थान गौड़ भवन, अंजली काम्पलेक्स के पास, सेकेण्ड स्टाप, तुलसी नगर, भोपाल पर आयोजित की गई है। आम सभा की सूचना सभी सदस्यों को पृथक से डाक द्वारा प्रेषित की गई है। सहकारिता अधिनियम/नियम के अनुसार आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। यदि किसी सदस्य को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो तो इस आम सूचना को ही सूचना मानकर आम सभा की कार्यवाही में भाग लेवें।

भोपाल, 11.09.2026
अध्यक्ष
कुसुम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या., भोपाल

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स ज़ोन-1, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं. 7700060047,
आवेदन क्रमांक-12994, आवेदन दिनांक-18.08.2026
क्रमांक 2353/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल, दि: 08.09.2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकारण की शापुरा योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 47 सेक्टर बी, श्री ओम प्रकाश गुप्ता आ. श्री राम स्वरूप गुप्ता के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री ओम प्रकाश गुप्ता का स्वर्गवास दिनांकः- 20.11.2025 एवं उनकी पत्नी श्री कांती देवी का भी स्वर्गवास दिनांक 23.01.2022 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता आ. श्री ओम प्रकाश गुप्ता के द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड तथा अन्य वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामातरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य /दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. न. D517300016, आवेदन क्रमांक-13082, आवेदन दिनांक-01/09/2026
क्रमांक 2361/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 15/09/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की रणथम्भौर कॉम्पलेक्स एम.पी. नगर जोन-योजना स्थित प्रकोष्ठ क्रमांक-16 सेक्टर 2 श्री कोमल सिंह आत्मज श्री राम शरण सिंह के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री कोमल सिंह का स्वर्गवास दिनांक : 25/09/2016 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस 1-श्रीमती शीला सिंह पत्नी स्व. श्री कोमल सिंह 2-हेमलता सिंह पुत्री स्व. श्री कोमल सिंह 3- उपेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री कोमल सिंह 4-पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र स्व श्री कोमल सिंह द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड के आधार पर तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है।
उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

न्यायालय आयुक्त नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम
रां.प्र.क्र.456/अपील/वर्ष 2025-26
आगामी नियत दिनांक-03/11/2026
पक्षकार- रामकिशोर पाल व अनय बनाम टेकचंद व अन्य
सूचना का प्रकाशन
क्रमांक / 223 /प्रवाचक-1/2026
नर्मदापुरम, दिनांक 08/09/2026

प्रति, उत्तरवादी-क्र.03 (3)
सुरेश पाल पिता स्व० श्री मैनूपाल निवासी पाल स्टार कोचिंग सेंटर, अशोका गार्डन, दशहरा मैदान, पानी की टंकी के पास, भोपाल तहसील व जिला भोपाल (म.प्र.) मोबाइल नंबर-94075-11694
एतद द्वारा उपरोक्त वर्णित उत्तरवादी क्र.3 (3) सुरेश पाल पिता स्व० श्री मैनूपाल को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण रामकिशोर पाल एवं शिवप्रासाद पाल द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आमला, जिला बैतूल के रा.प्र.क्र.0018/अपील/वर्ष 2023-24, पक्षकार टेकचंद गाडरी बनाम रामकिशोर वगैरह, में पारित आदेश दिनांक 14/10/2024 के विरूद्ध एक अपील अंतर्गत धारा-44(2) म.प्र.भूराजस् संहिता का प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया गया है। अतः अपीलार्थीगण द्वारा प्रस्तुत अपील आवेदन पर उपरोक्तानुसार उत्तरवादी सुरेश पाल पिता स्व० श्री मैनूपाल को यदि कोई आपत्ति हो तो वह आगामी पेशी दिनांक 03/11/2026 को दोपहर 02.00 बजे तक स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय आयुक्त नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि एवं दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और एकपक्षीय कार्यवाही करते अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
(आयुक्त द्वारा आदेशित)

प्रवाचक आयुक्त
नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम

कार्यालय अवंतिका होम्स रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./1444,
दिनांक 29.05.2020)
क्रमांक/2026/एजीएम/
भोपाल, दिनांक 05.09.2026
::: उद्घोषणा पत्र :::

आवंतिका होम्स रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के समस्त सम्माननीय अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा 20 सितंबर 2026, दिन रविवार को दोपहर 12 बजे संस्था कार्यालय 32-33, अवंतिका होम्स, नियर दानिश कुंज 5 गेट चौराहा, सनखेड़ी, भोपाल-42 पर आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। समस्त सदस्यों को डाक द्वारा आयोजित आमसभा की बैठक की सूचना प्रेषित की चुकी है।

(आरती भदौरिया)
अध्यक्ष
आवंतिका होम्स रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल
संभाग क्रमांक 1, जी.टी.बी. कॉम्पलेक्स, न्यू मार्केट, भोपाल (म.प्र.)
(का.) 0755-3506147, ई-मेलः
eedn1hbbpl@mphousing.mp.gov.in

आम-सूचना

हाउसिंग पार्क कॉलोनी, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भवन क्र. जूनियर एच.आई.जी.- 44 मंडल व्दारा श्रीमती अजरा सुल्तान पनि श्री कामरान असद के नाम से हस्तांतरित / आवंस्ति है, उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02/07/2024 को पंजीकृत है। श्रीमती अजरा सुल्तान पत्नि श्री कामरान असद से उक्त संपत्ति श्रीमती नाजमीन खान पनि श्री फैसल उद्दीन ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 11/08/2026 को अपने पक्ष में करा लिया है।
क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दसत्वेज प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति श्रीमती नाजमीन खान पनि श्री फैसल उद्दीन के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।
उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी /संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म. प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल
संभाग क्रमांक 1, जी.टी.बी. कॉम्पलेक्स, न्यू मार्केट, भोपाल (म.प्र.)
(का.) 0755-3506147, ई-मेलः
eedn1hbbpl@mphousing.mp.gov.in

आम-सूचना

हाउसिंग पार्क कॉलोनी, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक. सीनियर एच.आई.जी.- 102 मंडल व्दारा श्री कामेश्वर प्रसाद आत्मज श्री सत्यनारायण प्रसाद के नाम से आवंटित था, तथा श्री कामेश्वर प्रसाद का दिनांक 15/01/2026 स्वर्गवास हो जाने के उपरांत उनके पुत्र श्री भारत भूषण आत्मज स्व. श्री कामेश्वर प्रसाद के नाम से आदेश क्र. 973 दिनांक 27/05/2026 व्दारा नामांतरित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/04/2013 को पंजीकृत है। श्री भारत भूषण आत्मज श्री कामेश्वर प्रसाद से उक्त संपत्ति (1) श्री अब्दुल समद इलयास, (2) श्री मोहम्मद साद इलयास, एवं (3) श्री असद इलयास (सभी आत्मज श्री मो. इलयास) ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 07/09/2026 को अपने पक्ष में करा लिया है।
क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दसत्वेज प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति (1) श्री अब्दुल समद इलयास, (2) श्री मोहम्मद साद इलयास, एवं (3) श्री असद इलयास (सभी आत्मज श्री मो. इलयास) के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।
उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी /संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म. प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

3बी ब्लैकबायो डीएक्स लिमिटेड

(पूर्व में किलपेस्ट इंडिया लिमिटेड)
सीआईएनः L24211MP1972PLC001131
पंजीकृत कार्यालयः 7-सी औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा भोपाल-462 023
ई-मेलः info@kilpest.com, वेबसाइटः www.kilpest.com
दूरभाषः (91-755) 2586536 2586537

शेयरधारकों के लिए सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) के परिपत्र संख्या एचओ/38/13/11(2) 2026-एमआईआरएसडी-पीओडी/1/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसार 5 फरवरी 2026 से 4 फरवरी 2027 तक एक वर्ष के लिए एक विशेष विंडो खोली गई है। यह विंडो 1 अप्रैल 2019 से पहले बेची या खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन (डीमैट) को सुविधाजनक बनाने के लिए स्थापित की गई है। इसमें वे हस्तांतरण अनुरोध भी शामिल हैं जो पहले प्रस्तुत किए गए थे लेकिन अपूर्ण दस्तावेज़ीकरण प्रक्रियागत कमियों या अन्य कारणों से अस्वीकृत वापस कर दिए गए या अनुत्तरित रह गए थे। इस अवधि के भीतर हस्तांतरित प्रतिभूतियों को प्राप्तकर्ता के खाते में सख्ती से डीमैट मोड में जमा किया जाना चाहिए और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष के लॉक-इन के अधीन होगा। कृपया ध्यान दें कि लॉक-इन अवधि के दौरान इन प्रतिभूतियों का हस्तांतरण ग्रहणाधिकार चिह्नित लगाना या गिरवी रखना संभव नहीं है और ऐसे हस्तांतरण सह डीमैट अनुरोधों के लिए सभी उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया उपर्युक्त एसईबीआई परिपत्र देखें।

जो निवेशक अनुरोध प्रस्तुत करने या इस प्रावधान का लाभ उठाने में रुचि रखते हैं वे हमारे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट एड्रॉइट कॉर्पोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 18-20 जाफर भोय इंडस्ट्रियल एस्टेट प्रथम मंजिल मकवाना रोड मरोल नाका अंधेरी (पूर्व) मुंबई 400059 भारत से संपर्क करें। दूरभाषः +91 (0)22 42270400 ईमेल आईडी: info@adroitcorporate.com या कंपनी से info@kilpest.com पर संपर्क करें।

3बी ब्लैकबायो डीएक्स लिमिटेड
(पूर्व में किलपेस्ट इंडिया लिमिटेड
निखिल कुबेर दुबे
पूर्णकालिक निदेशक

स्थानः भोपाल
दिनांकः 16-09-2026

कार्यालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम एंव पदेन उपसचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नर्मदापुरम

दिनांक 10/09/2026

क्रमांक 1/1297676/2026 (मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 (क्रमांक 37 सन् 1961) की धारा 5 (क) की उपधारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मध्य प्रदेश के राज्यपाल, नीचे दी गई अनुसूची-एक में यथा विनिर्दिष्ट क्षेत्रों को, जो उक्त अधिनियम की धारा 5-क की उपधारा (1) द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार मध्य प्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 26/07/2024 को पूर्व में प्रकाशित किया जा चुका है, नगरपालिका क्षेत्र सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम म.प्र. की सीमा में सम्मिलित करते हैं, अर्थातः -

परिशिष्ट - 1

नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा की सीमा में सम्मिलित किये जाने वाले ग्रामो की प्रस्तावित भूमि निम्नानुसार है-

क्र.	जिला	तहसील	ग्राम/क्षेत्र	सम्मिलित किये जाने वाले		क्षेत्र का विवरण
				क्षेत्र का विवरण	क्षेत्रफल	
1	नर्मदापुरम	सिवनी मालवा	ग्राम बराखड खुर्द	1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14,15,16,17,18,19,20,21,22,23,24,25,26,27,28,29,30,31,32,33,34,35,36,37,38,39,40,41,42,43,44,45,46,47,48,49,50,51,52,53,56,57,58,59,60,61,62,63,64,65,66,67,68,69,70,71,72,73,74,75,76,77,93,94,95,96,97,98,99,100,101,102,103,104,105,106,107,108,109,110,111,112,113,114,115,116,117,118,119,120,121,122,123,124,125,126,127,128,129,130,131,132,133,134,135,136,137,138,139,140,141,142,143,144,145,146,147,148,149,150,151,152,153,154,155,156,157,158,159,160,161,162,163,164,165,166,167, 168, 169,170,171,172,173,174,175,176,177,178,179,180,181,182,183,184,185,186,187,188,189,190,191,192,193,194,195,196,197,198,199,200,201,202,203,204,205,206,207,208,209,210,211,212,213,214,215,216,218,219,220,221,222,223,224,225,226,227,228,229,230,231,232,233,234,235,236,237,238,239,240,241,242,243,244,245,246,247,248,249,250,251,252,253,254,255,256,257	720.638	-
2			ग्राम बराखडकलां	24,25,26,27,28,29,30,31,32,33,100,101,102,103,104,105,106,107,108,109,110,111,112,113,114,115,116,117,118,119,120,121,122,123,124,125,126,127,128,129,130,131,132,133,134,135,136,137,138,139,140,141,142,143,144,145,146,147,148,199,200,201,202,203,204,205,206,207,208,209,210,211,212,213,214,215,216,217,218,219,220,221,222,223,224,225,226,227,228,229,230,231,232,233,234,235,236,237,238,244,243,242,241,240,239,440,246,247,248,249,250,251,252,253,254,255,256,257,258,259,260,261,262,263,264,265,266,267,268,269,270,271,272,273,274,276,277,278,279,280,281,282,283,284,285,286,287,288,289,290,291,292,293,294,295,296,297,298,299,300,301,302,303,304,305,306,307,308,309,310,311,312,313,314,315,316,317,318,319,320,321,322,323,324,325,326,327,70,77,78,79,80,81,82,83,85,86,94,95,96,97,99	241.029	-
3			ग्राम बिल्धी	1, 2, 3, 4, 5, 6, 7/1, 7/2, 7/3, 7/4, 7/5, 8, 9, 11, 12, निकास नाली अंतिम सीमा	14.366	-
4			ग्राम दमाडिया	1 से 142 तक संपूर्ण	405.291	-
5			ग्राम बनापुरा	2,4,5,6,7,8,9,10 का अंश भाग 11,12 नहर के दक्षिण दिशा में 13,14,15,16,17,18,19,20,21,22,23,24,25,26,27 का अंश भाग 29 नहर के दक्षिण दिशा की ओर 30,31,32,33,34,35,36,37,38,39,40,41,42,43,44,45,46,47,48,49,50,51,52,53, 54,55,56,57,58,60,61,64,65,66,68,263 नहर की पूर्वी सीमा 261 नहर की पूर्वी सीमा 351,352 नहर की पूर्वी तरफ 353,354,355,390,391,392,386, 389,254, वायपास के दक्षिण में 253 वायपास के दक्षिण में 394,377,401,402,403,404,405,399, 415,270 रेल्वे लाईन के उत्तर में एवं नहर के पूर्व में 266,265,334,335,336,337, 338,339,340,341,342,343,337,345,348,349,350,373,374,375,379,378,394,384,382,383,385,366,373,374.	670.874	-
6			ग्राम चौकीहरवंश	1 से 48 तक एवं 50, 51, 52	173.485	-
7			ग्राम बरहानपुरा	1 से 4 तक एवं 9	25.581	-
8			ग्राम भीलपुरा	1 से 93 तक	147.323	-
9			ग्राम धपाडिया	1 से 171 तक संपूर्ण	147.66	-

अनुसूची - दो

उपरोक्त अनुसूची में दर्शाये गये क्षेत्र सम्मिलित होने के पश्चात नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा की चतुर्थसीमा निम्नानुसार होगी -

ग्राम बराखड खुर्द की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- ग्राम दमाडिया, चौकीहरवंश, बरानपुरा का मेंडा (खसरा नंबर 1 मोहन ठाकुर की दुकान तक) **दक्षिण दिशा :-** पुराना आगरा बाम्बे मार्ग की दक्षिणी सीमा तक खसरा नंबर 192 तक। **पूर्व दिशा :** ग्राम दमाडिया एवं बराखड खुर्द का मेंडा। **पश्चिम दिशा :-** ग्राम बराखड खुर्द, बराखड कलां का मेंडा।

ग्राम बराखड कलां की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- कंदेली नदी कोलीपुरा खसरा नंबर 70 (ग्राम बरहानपुरा मेंडा) **दक्षिण दिशा :-** ग्राम मोहनपुर की सरहद (मॅडा) **पूर्व दिशा :-** ग्राम बराखड कलां के शेष खेत। **पश्चिम दिशा :-** पूर्व से घोषित नगरपालिका सीमा से लगाकर।

ग्राम बिल्धी की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- ग्राम बराखड कलां का मेंडा। **दक्षिण दिशा :-** खसरा नंबर 12 निकास नाली अंतिम सीमा, खसरा नंबर 10 को छोडकर। **पूर्व दिशा :-** खसरा नंबर 45 की निकास नाली एवं खसरा नंबर 23, 24 की पूर्वी मेंडा तक। **पश्चिम दिशा :-** ग्राम धपाडिया मेंडा।

ग्राम दमाडिया की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- ग्राम हरसूल, **दक्षिण दिशा :-** ग्राम बराखड खुर्द, **पूर्व दिशा :-** ग्राम चौकीहरवंश एवं चतरखेडा, **पश्चिम दिशा :-** ग्राम बराखड खुर्द

ग्राम बनापुरा की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- मकडाई माइनर खसरा नंबर 1 (मूल खसरा) नहर के शहर तरफ से (दक्षिण दिशा तक)। **दक्षिण दिशा :-** ग्राम लोहारिया कला मेंडा (कलवानी के खेत तक)। **पूर्व दिशा :** पूर्व से घोषित नगरीय सीमा से लगकर (बरहानपुरा मेंडा)। **पश्चिम दिशा :-** ग्राम बनापुरा-भरलाय मेंडा तक (बम्बई वाले की होटल तक)। ग्राम भीलपुरा सम्पूर्ण (पूर्व से नगरीय सीमा छोडकर)। ग्राम बरहानपुरा सम्पूर्ण (पूर्व से नगरीय सीमा छोडकर खसरा नम्बर 1 से 4 तक)।

ग्राम चौकीहरंवश की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- ग्राम चतरखेड़ा। **दक्षिण दिशा :-** ग्राम भीलपुरा एवं बरहानपुरा। **पूर्व दिशा :-** ग्राम चतरखेडा एवं भीलपुरा। **पश्चिम दिशा :-** ग्राम दमाडिया।

ग्राम बरहानपुरा की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- ग्राम बराखर्ड खुर्द, चौकीहरवंश, बरहानपुरा, त्रिमेडी याने पुराना बाबरी गेट। **दक्षिण दिशा :-** ग्राम बराखड कलां की सीमा तक। **पश्चिम दिशा :-** कंदेली नदी सीमा होते हुए रेल्वे लाईन पार कर चौकीहरवंश ग्राम की सरहद तक।

ग्राम भीलपुरा की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- खसरा नम्बर 84 से 64 लेते हुए चौकीहरवंश चतरखेडा की सरहद तक। **दक्षिण दिशा :-** रेल्वे लाईन। **पूर्व दिशा :-** ग्राम बरहानपुरा की सीमा। **पश्चिम दिशा :-** ग्राम बनापुरा की सरहद।

ग्राम धपाडियां की चतुर्थ सीमा

उत्तर दिशा :- ग्राम बराखड कला का मेंडा एवं कंदेली नदी। **दक्षिण दिशा :-** ग्राम बिटारिया का मेंडा। **पूर्व दिशा :-** ग्राम बिल्धी का मेंडा। **पश्चिम दिशा :-** कंदेली नदी मेंडा ग्राम बानापुरा एवं मेंडा ग्राम लुहारिया कला।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(सोमेश मिश्रा)
कलेक्टर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

Search

Home My Network Jobs Messaging

3B BlackBio Dx Limited

✓ Following

Home About **Posts** Jobs People

3B BlackBio Dx Limited

5,720 followers

ee a collection of active or
ast ads by 3B BlackBio Dx
mited.

ew ad library

3B BlackBio Dx Limited

5,720 followers

Visit website

8m •

Important Notice to Shareholders - Special Window to facilitate the transfer and dematerialization ('demat') of physical securities. ...more

3B BlackBio Dx Ltd.
Formerly, Kilpest India Limited

3B BLACKBIO DX LIMITED
(Formerly, Kilpest India Limited)
CIN: L24211MP1972PLC001131

REGD.OFFICE: 7-C, INDUSTRIAL AREA, GOVINDPURA, BHOPAL-462 023
E-mail: info@kilpest.com, Website: www.kilpest.com
Tel: (91-755) 2586536, 2586537

NOTICE TO SHAREHOLDERS

Notice is hereby given that pursuant to Securities and Exchange Board of India ('SEBI') circular no. HO/38/13/11(2) 2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 dated January 30, 2026 a special window has been opened for one year from February 5, 2026 to February 4, 2027. This window is set up to facilitate the transfer and dematerialization ('demat') of physical securities that were sold or purchased prior to April 1, 2019. It also covers transfer requests that were previously submitted but rejected, returned or unattended due to incomplete documentation, process deficiencies, or other reasons. Within this period any transferred securities must be credited to the transferee strictly in demat mode and will be subject to one year lock-in from the date of registration of the transfer. Please note that these securities cannot be transferred, lien-marked or pledged during the lock-in period and all proper procedures will be followed for such transfer cum demat requests. For more details please refer to the above mentioned SEBI circular.

Investors interested in submitting a request or taking advantage of this provision must contact our Registrar and Transfer Agent, Adroit Corporate Services Pvt.Ltd.,18-20, Jafferbhoy Ind. Estate, First Floor, Makwana Road, Marol Naka, Andheri (E), Mumbai 400059, India.Tel: +91 (0)22 42270400; Email id info@adroitcorporate.com or the company at info@kilpest.com.

FOR 3B BLACKBIO DX LIMITED (FORMERLY, KILPEST INDIA LIMITED)
NIKHIL KUBER DUBEY
WHOLE TIME DIRECTOR
DIN:00538049

PLACE: BHOPAL
DATE: 17th September, 2026

7-C, Industrial Area, Govindpura, Bhopal-462023 (M.P.) INDIA CIN: L24211MP1972PLC001131
Ph.: 0755-2586536, 2586537 E: info@kilpest.com W.: www.kilpest.com